

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सत्तासीन भाजपा राज्य को गर्त की ओर ले जा चुकी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष बीडी रतूड़ी ने कहा कि राज्य की सत्तासीन भाजपा राज्य को गर्त की ओर ले जा चुकी है। स्थिर सरकार न होने के कारण सरकार की कार्यशैली संदेह के घेरे में रही हैं। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की अव्यवस्थाओं की पोल कोरोनाकाल में देख चुके है। राज्य सरकार कोरोना किट तक मरीजों को उपलब्ध नही करा सकी। कुंभ में कोरोना जांच में हुई अनियमिताओं से स्पष्ट होता है कि एक बड़ा घोटाला सरकार कोरोना इलाज व कुंभ में कर चुकी हैं।

### भू कानून पर आधारित गीत का यूकेडी ने किया विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। भू कानून पर आधारित गीत का यूकेडी ने किया विमोचन उत्तराखंड क्रांति दल के मुख्यालय पर उत्तराखंड भू कानून को लेकर गढ़वाली गीत का विमोचन किया गया। विमोचन के दौरान उत्तराखंड क्रांति दल के मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि भू कानून को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल की मांग को उत्तराखंड के लोक गायकों और संगीतकारों का भी साथ मिल चुका है। भू कानून की मांग को उत्तराखंड आंदोलन की तर्ज पर चलाया जाएगा, क्योंकि यह कानून उत्तराखंड की पहचान से जुड़ा हुआ है।

### आखिर किस मद से देगी तनख्वाह सरकार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने प्रदेश के युवाओं को छलने के लिए राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। दसोनी ने कहा कि राज्य सरकार से निवेदन है कि प्रदेश का युवा पहले से बहुत दुखी एवं अवसाद ग्रस्त है ऐसे में झूठी नौकरियों का झांसा देकर उनकी दुश्वारियां को बढ़ाने का काम ना करें। दसोनी ने राज्य सरकार के द्वारा जारी की गई 22,000 नौकरियों पर तर्कसंगत प्रश्नचिन्ह लगाया है। दसोनी ने कहा कि स्वयं अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इस बात की पुष्टि कर चुका है।

### एयरटेल एक्सस्ट्रीम फाइबर ने लांच किया 'सिक्योर इंटरनेट'

**संवाददाता** देहरादून। जिस तरह से भारत में ग्राहक वर्क फ्रॉम होम, ई–कॉमर्स और मनोरंजन के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म पर ज्यादा समय व्यतीत कर रहे हैं, उस के साथ ही साइबर खतरों की संभावना बढ़ गई है। सीईआरटी–इन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में वर्ष 2020 के दौरान साइबर हमलों में 300 प्रतिशत की वृद्धि देखी। बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लासेज और ई–लर्निंग के दौरान इंटरनेट पर प्रभावी कंटेंट फिल्टरिंग की आवश्यकता को अपरिहार्य कर दिया है।

# नवनियुक्त मुख्य सचिव सुखबीर सिंह संधू ने पदभार ग्रहण किया

**बैठक**

■ मुख्य सचिव संधू ने शासन के उच्चाधिकारियों सहित अपर सचिव स्तर तक के अधिकारियों के साथ बैठक की

■ किसी भी फाईल को कम से कम स्तरों में जाना पड़े

**संवाददाता**

देहरादून। नवनियुक्त मुख्य सचिव सुखबीर सिंह संधू ने मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड के नए मुख्य सचिव के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। मुख्य सचिव संधू ने निवर्तमान मुख्य सचिव ओमप्रकाश से कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मुख्य सचिव संधू ने शासन के उच्चाधिकारियों सहित अपर सचिव स्तर तक के अधिकारियों के साथ बैठक की।



मुख्य सचिव एस.एस. संधू ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके और उन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोग ले सकें, हमें इसके प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना एक बहुत अच्छे उद्देश्य के साथ शुरू की जाती है, परन्तु योजना के पूर्ण होने के बाद उसका आउटकम क्या रहा, इस पर ध्यान नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि किसी योजना के पूर्ण होने से उस योजना के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सका या नहीं इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि योजनाओं का लाभ समय से जन सामान्य को मिल सके इसके लिए फाईलिंग सिस्टम को छोटा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी फाईल को कम से कम स्तरों में जाना पड़े इसके प्रयास किए जाएं। हमारे पास सभी स्तरों पर बुद्धिमान, मेहनती एवं समझदार लोग उपलब्ध हैं। उन पर विश्वास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अधीनस्थों को अपने स्तर पर फाईलों के निस्तारण के लिए जिम्मेदारी दी जानी चाहिए ताकि फाईलों के निस्तारण में में तेजी लायी जा सके। अनुभाग अधिकारी स्तर तक लगातार बैठकें आयोजित की जानी चाहिए ताकि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

मुख्य सचिव ने कहा कि कोविड के कारण रोजगार सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। राज्य सरकार के प्रयास रहेंगे कि अधिक से अधिक रोजगार उत्पन्न किया जाए। कोविड के प्रकोप पर राज्य में स्थिति में सुधार हुआ है। इसे बनाए रखने के लिए हम सभी के द्वारा लगातार सावधानियां बरते जाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द वर्धन, श्रीमती मनीषा पंवार, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु सहित सचिव एवं अपर सचिव स्तर के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर राजपुर रोड स्थित मुखर्जी पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, शिक्षाविद, चिंतक और जनसंघ के संस्थापक थे। डॉ. मुखर्जी देश के प्रथम उद्योग मंत्री रहे। उन्होंने कहा कि डॉ० मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। धारा–370 को समाप्त करने की उन्होंने वकालत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 एवं 35 समाप्त कर उनके सपने को साकार किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, मेयर सुनील उनियाल गामा आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इससे पूर्व बीजापुर सेफ हाऊस में भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

# उत्तराखंड में इस साल कावंड़ यात्रा पर रोक

**निर्णय**

■ पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया निर्णय

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में इस साल कावंड़ यात्रा पर रोक लगाई गई है। कांवड़ यात्रा को लेकर आज मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित अंतरराज्यीय बैठक में उत्तरप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, चंडीगढ़, अभिसूचना ब्यूरो के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।



उत्तराखंड सरकार की ओर से इस बार भी 2020 की तर्ज पर कोरोना महामारी के चलते कावड़ मेला प्रतिबंध करने के चलते श्रद्धालुओं के धर्मनगरी हरिद्वार आने पर प्रतिबंध लगा गया है। इस संबंध में उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से आठ राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ सामंजस्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आइजी, एडीजी व इंटेलीजेंस स्तर के अधिकारी शामिल रहे।

इस दौरान पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अशोक कुमार ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वह अपने–अपने राज्यों में थाना स्तर पर इंटरनेट मीडिया का सहारा लेकर कांवड़ मेला प्रतिबंध करने के संबंध में जन जागरूकता बढ़ाएं।

उत्तराखंड से लगते बॉर्डर क्षेत्र में कांवड़ियों के जबरन घुसने की सूरत पर उनके खिलाफ महामारी एक्ट और 14 दिनों के लिए क्वारंटाइन भी किया जा सकता है। पुलिस महानिदेशक ने बताया सबसे अधिक श्रद्धालु हरियाणा, पंजाब व राजस्थान से आते हैं। ऐसे में नारसन व मंडावली उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर अधिक सख्ती रहेगी।

### कांग्रेस ने बंशीधर भगत के बयान की निन्दा की

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार के वरिष्ठ मंत्री बंशीधर भगत के बयान की कडे शब्दों में निन्दा की है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने बंशीघर भगत के बयान की निन्दा करते हुए कहा कि प्रदेश में जब भी नेतृत्व परिवर्तन होता है उसका सीधा असर जनता पर पडता है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व परिवर्तन के बाद शपथ ग्रहण सहित जो भी सरकारी आयोजन होते हैं उसमें जनता की गाडी कमाई से दिये हुए टैक्स का पैसा खर्च होता है ऐसे में भाजपा सरकार के मंत्री का यह बयान निन्दनीय है कि हम तीन सीएम बदलें या दस उससे जनता को क्या। प्रतिमा सिंह ने कहा कि भाजपा के बडबोले मंत्री इससे पूर्व भी इस तरह की अनर्गल बयानबाजी के लिए खेद प्रकट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा के वरिष्ठ मंत्री जो कि उनके संगठन के मुखिया भी रह चुके हैं के बयान पर उन्हीं की पार्टी के विधायक को मॉफी मागनी पडी है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।